Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 14-03-2006
Participants : Yadav Shri Ram Kripal

>

Title : Need for construction of a National Highway linking Patna, Bihata and Aara in Bihar.

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : अध्यक्ष महोदय, बिहार में पटना से बिहटा और आरा जाने के लिए अभी तक राट्रीय उच्च पथ नही है। सरकार द्वारा हाल ही में उच्च पथ बनाने हेतु सर्वे किया गया है, किंतु आगे की कोई कारवाई नहीं हुयी है। अभी लोगों को बिहटा और आरा जाने के लिए रेलवे विभाग की निजी सड़क का उपयोग करना पडता है। एक रक्षा विभाग की भी सडक है वह दानापुर होते हुए आरा जाने के लिए है, लेकिन इस सडक पर 5 कि0मी0 प्रति घंटा की रफ्तार से ही गाडी चलायी जा सकती है। वहां आए दिन परेशानी होती रहती है। मेरे संसदीय क्षेत्र और आरा के लोगों को सडक सुविधा नहीं होने से काफी कठिनाई होती रहती है।

अतः मैं इस सदन के माध्यम से माननीय सडक परिवहन मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि पटना से बिहटा होते हुए आरा तक प्रस्तावित रा0उ0 पथ निर्माण हेतु अविलम्ब कदम उठाने की कृपा करें।